अमर उजाला जनपद बरेली दिनॉक 21.07.2024

कक्षा छह में क्लास टीचर ने कहा था...आधा नंबर बढ़ाने पर उसकी कीमत समझ नहीं आती

एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा 25 साल की पुलिस सेवा में प्रदेश के लगभग हर कोने में सेवाएं दे चुके हैं। छात्र जीवन में पिता की सिंचाई विभाग में तैनाती के दौरान कुछ साल वह बरेली में रहकर भी पढ़े। वह बताते हैं कि वह हमेशा हर क्लास में अव्वल आते थे। यहीं एक विद्यालय में कक्षा छह में पढ़ाई के दौरान जब फर्स्ट सेमेस्टर का रिजल्ट लेने मां के साथ स्कूल गए तो पता लगा कि आरिफ नाम का सहपाठी क्लास में प्रथम आया है और वह आधा नंबर कटने की वजह से दूसरे नंबर पर रह गए हैं। उनकी क्लास टीचर ने तब उनकी मां से कहा कि यह पढ़ाई में तेज हैं। वह चाहती तो आधा नंबर बढ़ा देतीं और दोनों विद्यार्थी संयुक्त रूप से प्रथम आ जाते पर इससे इन्हें आधा नंबर की कीमत पता नहीं चलती। एडीजी बताते हैं कि इस बात का उन पर गहरा असर पड़ा और उन्होंने ज्यादा मेहनत कर फाइनल सेमेस्टर में फिर प्रथम स्थान प्राप्त कर लिया। तब रिजल्ट देते वक्त दूसरी शिक्षिका ने एक और सीख दी कि बुलंदियों पर पहुंचना बड़ी बात नहीं होती, इसे बनाए रखना ज्यादा महत्वपूर्ण है। उन्होंने ये दोनों सूत्र गांठ बांध लिए और आज तक इन पर अमल करते हैं।

अमृत विचार जनपद बरेली दिनॉक 21.07.2024

अपर पुलिस महानिदेशक ने किया पौधरोपण

बरेली, अमृत विचार : अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जोनल कार्यालय में पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने फल एवं छायादार पौधों का रोपण कर अन्य लोगों से भी अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। इस अवसर पर कार्यालय के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

दैनिक जागरण जनपद बरेली दिनॉक 21.07.2024

कार्यालय पर पौधारोपण के बाद पानी देते एडीजी जोन रमित शर्मा ●-जागरण

हिन्दुस्तान जनपद बरेली दिनॉक 21.07.2024

एडीजी, आईजी और एसएसपी ने लगाए पौधे

बरेली। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शनिवार को पुलिस कार्यालयों में भी पौधरोपण किया गया। जोन ऑफिस में एडीजी रमित शर्मा ने वहां के स्टाफ के साथ पौधे लगाए। इसी तरह रेंज ऑफिस में आईजी डॉ. राकेश सिंह ने पौधरोपण किया। पुलिस लाइन में एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी सिटी राहुल भाटी, एसपी ट्रैफिक शिवराज आदि ने पौधरोपण किया। इस दौरान कर्मचारियों से अधिक से अधिक पौधे लगाकर अभियान को सफल बनाने की अपील की गई।

युवा हस्ताक्षर जनपद बरेली दिनॉक 21.07.2024

एडीजी ने भी किया वृक्षारोपण

युवा हस्ताक्षर रिपोर्टर

बरेली। प्रदेश भर में चलाये जा रहे वृक्षारोपण जन अभियान-2024 के दौरान रमित शर्मा अपर पुलिस महानिदेशक, बरेली जोन, बरेली द्वारा जोनल कार्यालय, बरेली में वृक्षारोपण कर सभी पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण एवं आम जन को वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लेकर 'एक पेड़ मां के नाम' एवं 'वृक्ष लगाओ-वृक्ष बचाओ' के संकल्प को आगे बढ़ाने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

अमर आनन्द जनपद बरेली दिनॉक 21.07.2024

अपर पुलिस महानिदेशक,आईजी ने कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण करके पृथ्वी को हरा भरा रखने का दिया संदेश

जोन कार्यालय में पत्रकारों ने भी लगाया बेल का पौधा

अमर आनंद संवाददाता

बरेली । एक पेड़ मां के नाम" वृक्षारोपण जन अभियान में डा0 राकेश सिंह, पुलिस महानिरीक्षक, बरेली परिक्षेत्र ने परिक्षेत्रीय कार्यालय परिसर में पृथ्वी को हरा–भरा बनाने ,भावी पीढ़ियों को प्रदूषण मुक्त एवं सुरक्षित जीवन प्रदान करने के लिए पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण किया गया। प्रदेश भर में चलाये जा रहे वृक्षारोपण जन अभियान–2024 के दौरान रमित शर्मा अपर पुलिस महानिदेशक, बरेली जोन, बरेली द्वारा जोनल कार्यालय, बरेली में वृक्षारोपण कर सभी पुलिस अधिकारी/ कर्मचारीगण एवं आम जन को वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लेकर 'एक पेड़ मॉ के नाम' एवं 'वृक्ष लगाओ–वृक्ष बचाओ' के संकल्प को आगे बढ़ाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में परिक्षेत्रीय कार्यालय में नियुक्त समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे। पुलिस महानिरीक्षक बरेली ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पर्यावरण के संरक्षण हेतु अधिकाधिक वृक्षारोपण करने हेतु प्रोत्साहित किया गया । साथ में यह भी कहा कि वृक्ष प्रकृति की रक्षा के लिए बहुत आवश्यक हैं, वृक्ष लगाकर हम अपने पर्यावरण व परिवेश को स्वच्छ व सुन्दर बना सकते हैं । हम सभी को प्रकृति के प्रति सकारात्मक रवैया अपनाकर सभी को ज्यादा से ज्यादा पेड़–पौधे लगाने चाहिए । इसके अतिरिक्त परिक्षेत्रीय जनपद बरेली,बदायूँ, शाहजहाँपुर व पीलीभीत को भी पुलिस कार्यालय,पुलिस लाइन एवं समस्त थानों में अधिकाधिक वृक्षारोपण करने हेतु निर्देशित किया । इस अभियान के दौरान स्टाफ अफसर डीके रॉय, जेडी अभियोजन अवधेश पांडेय, पीआरओ गीतेश कपिल,कुमार विनय ,दीपक शर्मा ,संजय शर्मा, अमित शर्मा आदि मीडिया कर्मी भी उपस्थित रहे ।